# महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक

कार्यालय—समग्र शिक्षा, विद्याभवन, निशातगंज, लखनऊ—226007

वेबसाईट : www.upefa.comई—मेल : upefaspo@gmail.com दूरभाष : 0522-2780995, 05222780384


शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

NIPUN BHARAT

सेवा में,

1— **प्राचार्य**
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

2— **जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक— गुण0वि0 / शिक्षक संकुल /19879 /2023—24 दिनांकः 04 नवम्बर, 2023

**विषय : माह नवंबर, 2023 में आयोजित की जाने वाली शिक्षक संकुल बैठक हेतु एजेण्डा एवं Monthly Tasks के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या—123 / 68—5—2020 दिनाक 17 मार्च, 2020 एवं शासनादेश संख्या—566 / 68—5—2020 दिनांक 23 जून, 2020 के माध्यम से जनपदों में न्याय पंचायत स्तर पर **शिक्षक संकुल** गठन के निर्देश दिये गये हैं। राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक—गुण०वि० / निपुण भारत / 1624 / 2023—24 दिनांक 09 मई 2023 द्वारा शिक्षक संकुल के विद्यालयों को **दिसम्बर 2023** तक **निपुण विद्यालय** का लक्ष्य प्राप्त किये जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं । तत्क्रम में निम्नवत् निर्देशित किया जाता है:—

1. **माह नवम्बर, 2023 में शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन दिनांक 21 नवम्बर, 2023 (तृतीय मंगलवार) को सायं 3—5 बजे के मध्य संलग्न मासिक कैलेण्डर एवं मासिक एजेण्डा के अनुसार सुनिश्चित किया जाये।**
2. समस्त शिक्षक संकुल द्वारा माह नवम्बर, 2023 में निम्नलिखित Monthly Tasks पूर्ण किये जाने हैं :—
    1) समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय को माह दिसम्बर, 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने हेतु 05 **प्वाइंट टूलकिट (संलग्न)** का उपयोग सुनिश्चित किया जाये।
    2) समस्त शिक्षकों को **निपुण लक्ष्य ऐप** के माध्यम से **प्रत्येक छात्र का आकलन** करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये।
    3) समस्त शिक्षक संकुल को विभाग द्वारा दीक्षा एवं यूट्यूब के माध्यम से साझा की जा रही **शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो** का अध्ययन करने हेतु प्रोत्साहित करें ।
    4) समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय के बच्चों में मौखिक पठन क्षमता **(oral reading fluency)** में अभिवृद्धि हेतु **एक दिवसीय रीडिंग कैम्पेन** का आयोजन किया जाये।
    5) समस्त शिक्षक संकुल द्वारा छात्र उपस्थिति में वृद्धि हेतु **डोर टू डोर अभियान** का आयोजन किया जाये। समस्त शिक्षक उन बच्चों के अभिभावकों के घर जायें, जो नियमित विद्यालय नहीं आ रहे हैं। ऐसे बच्चों के अभिभावकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिये अभिप्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाये।

उपर्युक्तानुसार अपने जनपद के समस्त शिक्षक संकुल को प्रभावी प्रदर्शन करने एवं संलग्न एजेण्डा तथा समय के अनुसार बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया जाये, जिससे कि शिक्षक संकुल विद्यालयों को माह दिसम्बर, 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

**संलग्नक–उक्तवत्।**

भवदीय,

(विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
उत्तर प्रदेश।

**पृ0सं0:** गुण0वि0 / शिक्षक संकुल / 9879 / 2023–24 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. जिलाधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
2. शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0, लखनऊ।
3. निदेशक, एस0सी0ई0आर0टी0,लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
5. सचिव, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् प्रयागराज।
6. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक) समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
7. जिला समन्वयक, प्रशिक्षण, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
8. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जनपद, उत्तरप्रदेश।

(विजय किरन आनन्द)
महानिदेशक, स्कूल शिक्षा
उत्तर प्रदेश।

# शिक्षक संकुल बैठक का एजेंडा - नवंबर, 2023

| सत्र | पहलू | विवरण | किसके द्वारा | टिप्पणी | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शुभारम्भ | बैठक के वातावरण को सहज एवं सीखने-सिखाने के लिए अनुकूल बनाना | नोडल शिक्षक संकुल/ ए०आर०पी० | 1. बैठक में सभी प्रतिभागी समय से पहुँचें। किसी भी चर्चा के दौरान गोलाकार बैठें<br>2. नोट बुक एवं पेन साथ रखें एवं बैठक के दौरान आवश्यक सुझावों को लिखते रहें<br>3. बैठक की शुरुआत एक motivational कविता से करें जिसमें सब भागीदार बनें ताकि एक सकारात्मक एवं सहज माहौल बन सके | 5 मिनट |
| 2 | पृष्ठभूमि | जिला स्तरीय बैठक से संकुल बैठक को सुमेलित करना | नोडल शिक्षक संकुल/ ए०आर०पी० | पिछली जिला स्तरीय मीटिंग के मुख्य बिन्दुओं को सभी के साथ साझा करना | 5 मिनट |
| 3 | सन्दर्भ | ब्लॉक स्तरीय शिक्षक संकुल के साथ की गई तैयारी बैठक के निर्णयों से परिचय एवं संकुल बैठक के उद्देश्य से परिचय | नोडल शिक्षक संकुल | 1. पिछले शिक्षक संकुल बैठक के मुख्य बिन्दुओं/ चुनौतियों पर किए गए कार्य पर चर्चा/ लिए गए निर्णयों की समीक्षा और उसके अनुसार प्राथमिकताओं का निर्धारण करना<br><br>2. माह नवंबर की डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो को सभी शिक्षकों के साथ देखना एवं वीडियो के मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करना जैसे- क्या आप दिखाए गए निर्देश/टूल्स का कक्षा में उपयोग करते हैं, कैसे?, प्रशिक्षण के 2-3 मुख्य बिंदु बताएँ जो आपके लिए नया था ? डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण के बाद अपनी कक्षा में क्या नया करने का प्रयास किया है? आदि । डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण के Quiz में समस्त शिक्षकों को प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करना ।<br>वीडियो का लिंक :<br>1. वार्षिक व साप्ताहिक शिक्षण योजना : bit.ly/acadteachingplan<br>2. भाषा की शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ : bit.ly/hindisandarshika<br>3. गणित की शिक्षक संदर्शिका की समग्र समझ : bit.ly/mathsandarshika<br>4. आकलन व रेमेडियल शिक्षण योजना : bit.ly/assessandremdial | 10 मिनट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | अकादमिक प्रयासों की शेयरिंग | शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षण प्रक्रिया को बेहतर करने के लिए किए गए प्रयासों को साझा करना | शिक्षकों द्वारा | 1. बैठक में उपस्थित शिक्षकों/ ए.आर.पी द्वारा पिछली बैठक की योजना के सापेक्ष किये गये शिक्षण संबंधी प्रयासों, शिक्षण पद्धतियों/ रोचक गतिविधियों/ नए TLM के प्रयोग आदि को सभी के साथ साझा करना<br><br>2. बच्चों द्वारा किये गए कार्यों का सैंपल/ वीडियो आदि साझा करना<br><br>3. उपर्युक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा कक्षाकक्ष में बच्चों के साथ सफलता के अनुभव को साझा करना<br><br>(नोट- सभी शिक्षक इस चर्चा में अनिवार्य रूप से भाग लें और किये गये प्रयासों के अभिलेख भी साझा करें ) | 20 मिनट |
| 5 | निपुण भारत मिशन की अकादमिक रणनीति पर चर्चा | 1. माह सितंबर में आयोजित NAT परीक्षा के परिणाम पर चर्चा<br>2. आगामी डायट प्रशिक्षुओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले आकलन में विद्यालयों के प्रभावी प्रदर्शन हेतु रणनीति का निर्माण<br>3. भाषा एवं गणित की शिक्षण योजना पर चर्चा | शिक्षक संकुल द्वारा | इस प्रक्रिया में निम्नलिखित में से किसी भी एक विषय पर विस्तार से चर्चा करें :<br>1. माह सितंबर में आयोजित NAT परीक्षा के परिणाम पर चर्चा<br>- NAT परीक्षा के परिणाम का विवरण<br>- NAT परीक्षा में ख़राब प्रदर्शन के कारणों की पहचान<br>- विद्यालयों का प्रदर्शन बेहतर करने हेतु विद्यालयों की योजना का निर्माण / योजना में बदलाव<br><br>2. आगामी डायट प्रशिक्षुओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले आकलन में विद्यालयों के प्रभावी प्रदर्शन हेतु रणनीति का निर्माण<br>- NAT परीक्षा के परिणाम का विवरण व विद्यालयों का प्रदर्शन बेहतर करने हेतु मुख्य बिंदुओं पर चर्चा<br>- आगामी आकलन में विद्यालयों के बेहतर प्रदर्शन हेतु कार्य योजना में बदलाव<br><br>3. भाषा एवं गणित की शिक्षण योजना पर चर्चा<br>- भाषा एवं गणित की वार्षिक शिक्षण योजना पर चर्चा<br>- भाषा एवं गणित की साप्ताहिक शिक्षण योजना(शिक्षण चक्र) पर चर्चा<br>- भाषा एवं गणित के एक मॉडल लेसन प्लान पर चर्चा | 15 मिनट |

<table>
<tr>
<td>6</td>
<td>निपुण भारत मिशन की अकादमिक रणनीति पर प्रस्तुतीकरण</td>
<td>1. NAT परीक्षा में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज का प्रस्तुतीकरण<br>2. आगामी डी०एल०एड० आकलन में विद्यालयों के प्रभावी प्रदर्शन हेतु रणनीति का प्रस्तुतीकरण<br>3. संदर्शिका में दिये गये भाषा एवं गणित के किसी भी एक मॉडल लेसन प्लान का प्रस्तुतीकरण</td>
<td>शिक्षकों द्वारा</td>
<td>कक्षा 1-3 के शिक्षकों के समूह :<br>इस प्रक्रिया में निम्नलिखित में से किसी भी एक विषय पर प्रस्तुतीकरण करें :<br>1. NAT परीक्षा में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस का प्रस्तुतीकरण<br>- NAT परीक्षा के परिणामों का प्रस्तुतीकरण<br>- NAT परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 5 विद्यालयों द्वारा best practice साझा किया जाना<br>- NAT परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जाना<br><br>2. आगामी डी०एल०एड० आकलन में विद्यालयों के प्रभावी प्रदर्शन हेतु रणनीति का प्रस्तुतीकरण<br>- NAT परीक्षा के परिणामों का प्रस्तुतीकरण<br>- 5 विद्यालयों द्वारा आगामी डी०एल०एड० आकलन में प्रभावी प्रदर्शन हेतु कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण<br><br>3. संदर्शिका में दिये गये भाषा एवं गणित के किसी भी एक मॉडल लेसन प्लान का प्रस्तुतीकरण<br>- भाषा एवं गणित की वार्षिक शिक्षण योजना एवं साप्ताहिक शिक्षण योजना का चार्ट पेपर के माध्यम से प्रस्तुतीकरण<br>- भाषा एवं गणित के एक मॉडल लेसन प्लान का कक्षाओं में क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुतीकरण<br><br>कक्षा 4-8 के शिक्षकों के समूह :<br>1. पिछले खंड में बनायी गई शिक्षण योजनाओं या निर्धारित शिक्षण उद्देश्यों को केंद्र में रखकर TLM बनाना (जैसे- कार्य पत्रक निर्माण, कहानी लेखन, विज्ञान संबंधी मॉडल का निर्माण आदि) तथा उप समूहों में तैयारी करना<br>2. बड़े समूह में प्रस्तुतीकरण करना<br><br>प्रस्तुतीकरण से संबंधित मुख्य बातें :<br>1. प्रस्तुतीकरण के लिए सभी समूहों को 5 मिनट का समय मिलना चाहिए<br>2. प्रस्तुतीकरण/डेमान्स्ट्रेशन के उपरांत शिक्षक बड़े समूह में प्रस्तुतीकरण पर अपने अवलोकन (सकारात्मक बिंदु एवं सुझाव) साझा करें<br>3. कक्षा 1 से 3 व कक्षा 4 से 8 के शिक्षक अलग- अलग समूह में चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण करें।</td>
<td>30 मिनट</td>
</tr>
</table>

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | मासिक विषय आधारित चर्चा | अकादमिक वर्ष 2023-24 की अकादमिक रणनीति पर चर्चा | शिक्षकों द्वारा | इस प्रक्रिया के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं :<br>1. निपुण भारत मिशन की वार्षिक अकादमिक रणनीति का दोहराव<br>2. निपुण भारत मिशन की साप्ताहिक अकादमिक रणनीति का दोहराव<br>3. निपुण की अकादमिक रणनीति के मुख्य घटक<br>4. निपुण की अकादमिक रणनीति के क्रियान्वयन हेतु संदर्शिका एवं अन्य TLM का महत्व एवं प्रभावी उपयोग | 10 मिनट |
| 8 | टीम बिल्डिंग गतिविधि | 1. निपुण टीएलएम मेला<br>2. निपुण Quiz<br>3. निपुण Exhibition | शिक्षक संकुल द्वारा | इस प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कोई भी एक टीम बिल्डिंग गतिविधि आयोजित करें :<br>1. निपुण टीएलएम मेला : इस गतिविधि में समस्त शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों के साथ मिलकर अथवा कक्षा शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु बनाये गये टीएलएम को एक कमरे में व्यवस्थित करें। समस्त शिक्षक एक दूसरे के टीएलएम को ध्यान से ढेखें व समझें जिससे कि अपनी कक्षाओं में जाकर विभिन्न प्रकार के टीएलएम का निर्माण कर सकें व कक्षा शिक्षण को सुदृढ़ कर सकें।<br>2. निपुण Quiz : इस गतिविधि में निम्नलिखित बिन्दुओं का क्रियान्वयन करते हुए निपुण Quiz आयोजित किया जाये :<br>i.) शिक्षक संकुल बैठक से पहले निपुण भारत मिशन से संबंधित 15 प्रश्नों की सूची तैयार करें, जैसे-<br>गणित के शिक्षण सप्ताह में कौन से दिन अनुदेशात्मक कार्य किया जायेगा ?<br>a. दिवस 1 से 4 में<br>b. दिवस 5<br>c. दिवस 6<br>d. सावधिक आकलन के दिन<br>ii.) बैठक में सम्मिलित कक्षा 1-8 के सभी शिक्षकों को 5-5 के समूह में विभाजित करें ।<br>iii.) सभी समूह से निपुण भारत मिशन से संबंधित प्रश्न पूछें । प्रश्न का सबसे पहले उत्तर देने वाले समूह को 10 points दें ।<br>iv.) अंत में सबसे अधिक अंक पाने वाले समूह को विजेता घोषित करें ।<br><br>3. निपुण Exhibition: इस गतिविधि में समस्त शिक्षक अपने विद्यालय में निपुण से संबंधित आयोजित की जा रही उत्कृष्ट गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण करें। | 15 मिनट |
| 9 | जिज्ञासा/नई सीख | समूह के प्रश्नों का समाधान और अनिस्तारित प्रश्नों का संकलन | ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल | 1. शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय या कक्षा के स्तर की चुनौतियों को साझा करना : समस्या किसी भी प्रकार की हो सकती है जैसे : विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को पढ़ाने के तरीके, विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के तरीके इत्यादि<br><br>2. शिक्षक संकुल एवं अन्य शिक्षकों द्वारा प्रश्नों का प्रासंगिक एवं व्यवहारिक समाधान सुझाया जाए। | 5 मिनट |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | निष्कर्ष एवं संकलन | बैठक के निष्कर्ष एवं निर्धारित कार्ययोजना पर चर्चा | ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल | 1. कार्ययोजना क्रियान्वयन हेतु संकुल शिक्षक विद्यालय को उदाहरण के रूप में आह्वान करना<br>2. ए०आर०पी०/ शिक्षक संकुल द्वारा शिक्षण योजनाओं को आधार बनाकर कार्य करने, आकलन एवं अधिगम स्तर में पीछे छूट रहे बच्चों के साथ रेमिडियल कार्य नियमित रूप से करने, बच्चों को समूह, जोड़ों एवं व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के पर्याप्त मौके देने पर बल देना।<br>3. शिक्षक संकुल द्वारा DCF भरना | 5 मिनट |


याद रहे कि शिक्षक संकुल NIPUN Bharat Mission की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सभी शिक्षकों के लिए रोल मॉडल बनने के लिए आपकी तैयारी, शिक्षण सामग्री की समझ एवं आपके सुझावों की परिपक्वता अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी।

# निपुण विद्यालय बनाने हेतु 5-point Toolkit

## 1. HM – Teacher, शिक्षकों के बीच कक्षा आवंटन और कार्य विभाजन



## 2. संदर्शिका आधारित शिक्षण योजना का उपयोग




संदर्शिका



कार्य पुस्तिका


## 3. छात्रों का आकलन एवं रेमेडियल




## 4. समुदाय सहभागिता एवं अभिभावक के साथ संपर्क



## 5. शिक्षक विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध



## Shikshak Sankul Meeting: Monthly Calendar

| S. No. | Month | Topic of the Month | Team Building Activities (Any 1/3) | Topics for Demonstration (Any 1/3) | Academic Topics to be discussed (Any 1/3) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **October, 2023** | Nipun Vidyalya | Nipun Samman Diwas | Demonstration of a sample lesson plan of academic strategy 2023-24 | Discussion on academic strategy of 2023-24 |
| 2 | **November, 2023** | Academic Strategy 2023-24 | NIPUN TLM Mela | Demonstration of Best Practices in NAT exam | September NAT results Discussion |
| | | | NIPUN Quiz | Demonstration of plan to improve school performance for upcoming DIET Led assessments | Strategy to improve school performance for upcoming DIET Led assessments |
| | | | NIPUN Exhibition | Creation of Lesson plans for Literacy/Numeracy using Sandarshika | Discussion on lesson plans for literacy and numeracy |
| 3 | **December, 2023** | Activity- based Classroom Learning | NIPUN Anthem Creation Competition | Demonstration of student engaging activities which can be conducted in the classrooms | How to engage children using activity based learning |
| | | | Teacher Cultural Meet | TLM Demonstrations | Best examples of activities which can be done in the class to engage students |
| | | | TLM Creation Competition | Demonstration of digital training videos videos based on activity based learning | Discussion on activities mentioned in the Sandarshika |
| 4 | **January, 2024** | Conduction of Assessments and Remediation | NIPUN Quiz | Demonstration of how to conduct effective classroom assessments and remediation | Assessment and Remediation strategies/ methods |
| | | | Nipun Samaan Diwas | How to conduct student assessment using Nipun Lakshya App? | Identification of struggling learners and increasing student participation in classrooms |
| | | | Sandhya Chaupal | Best remediation strategies/methods | Revision of classroom teaching strategy based on assessment results |
| 5 | **Februrary, 2024** | Nipun Vidyalyas | NIPUN Exhibition | Best classroom management techniques | Nipun Vidyalya Toolkit |
| | | | Local Speaker Session | Demonstration of DIKSHA videos based on Sandarshika usage | Best academic practices of NIPUN schools |
| | | | NIPUN Quiz | How to conduct multi-grade classroom teaching | Multi-Grade classroom teaching |
| 6 | **March, 2024** | Print Rich Classroom Environment | Reading Circle | Demo on effective usage of print rich materials in the classrooms | Discussion on effective usage of print rich materials |
| | | | Sandhya Chaupal | Demo on TLM Demonstration to students | How to create TLMs with students |
| | | | NIPUN Poster Creation Competition | Creation and demonstration of NIPUN plan for next academic year, identification of next milestones | How to engage children using activity based learning |